# जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया (उ0प्र0)

## संकुल का नाम : महर्षि भृगु

**नोडल अधिकार : डॉ० ओम प्रकाश सिंह**

कुलपति महोदया के निर्देशानुसार विभिन्न संकुलों की स्थापना करने का निर्देश मिला। इस क्रम में श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के साथ अन्य 6 महाविद्यालयों को जोड़कर महर्षि भृगु के नाम पर एक संकुल की स्थापना की गई जिसका नाम महर्षि भृगु संकुल रखा गया। इस संकुल के नोडल अधिकारी डॉ० ओमप्रकाश सिंह, प्राचार्य श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया को नियुक्त किया गया। इस संकुल का उद्देश्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों चाहे शैक्षिक हो या सामाजिक, सभी को मिलकर इसको सामान रूप से क्रियान्वित करना है। इसी को ध्यान में रखकर सर्वप्रथम सभी महाविद्यालयों को एक साथ जोड़ने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप की स्थापना की गयी जिसका नाम महर्षि भृगु संकुल रखा गया जो मार्च 2022 से ही सक्रीय हो गे। इसके माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों की सूचना को साँझा किया जाने लगा ताकि हर प्रतिस्पर्धा/कार्यक्रमों  की जानकारी इस संकुल के सभी महविद्यालयों को समय से हो और सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके। इस क्रम में दिनांक 09.06.2022 को एक बैठक हुई जिंसमे कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी महाविद्यालय एक गांव को गोद लेगा तथा इससे जुड़कर इसके उत्थान के लिए कार्य करेगा। इस संकुल के विभिन्न महाविद्यालयों का विवरण निम्नवत है :-

| क्रं सं | महाविद्यालय का नाम | प्रभारी का नाम | दूरभाष नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया। | डॉ० ओमप्रकाश सिंह | 9453471268 |
| 2 | गुलाब देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया। | डॉ० नीरजा सिंह | 9415549481 |
| 3 | गाँधी महाविद्यालय, बेरुआरबारी, बलिया। | डॉ० ओम प्रकाश पाण्डेय | 9451191861 |
| 4 | महाविद्यालय बांसडीह, बांसडीह, बलिया। | डॉ० राजेश कुमार श्रीवास्तव | 9451191895 |
| 5 | सेंट जेवियर कालेज , धरहरा, बलिया। | श्री० उदय शंकार श्रीवास्तव | 9450782962 |
| 6 | गौरी भइया महाविद्यालय, सागरपाली, बलिया। | डॉ० प्रदीप कुमार गुप्ता | 7233081263 |
| 7 | रामधारी सिंह महाविद्यालय,गड़वार, बलिया। | श्री० मणि शंकर पाठक | 9453381332 |

क्रमवार विभिन्न महाविद्यालयों के कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत है -

**महाविद्यालय का नाम - श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया।**

(1) **एन एस एस** – महाविद्यालय के राष्ट्री सेवा योजना की चार इस इकाई है जो नाम के अनुरूप कार्य कर रहा है। इस चार इकाई ने क्रमशः ब्रह्मईन, जीराबस्ती, गोठौली एवं भरतपुर को गोद लिया है। विशेष सिविर, चाहे एक दिवसीय हो या 7 दिवसीय, सेवाद्वार प्रतिदिन उस गाँव में जाते है तथा साफ स्वक्षता अभियान, जागरूकता अभियान (Social, Legal, Health issues, Women empowerment), साथ में सम्पूर्ण सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक पृष्ठभूमि की जानना, गावों की समस्या को जानना तथा सरकार के विभिन्न कार्यो एवं लाभकारी योजनाओं के बारें में लोगो को बताना, श्रमदान (सड़क , मंदिर को ठीक करना), नुक्कड़ नाटक, रैली, मतदाता जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण, स्मारकों की साफ़ सफाई इत्यादि विषयों पर कार्य करते हुए अपनी सेवा देंते है।

| | |
|---|---|
|  |  |
| **सड़क सुरक्षा अभियान** | **संविधान दिवस पर गोष्ठी** |
|  |  |
| **रक्तदान करते स्वयंसेवक** | **अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम** |

(2) **एन सी सी** – राष्ट्रीय कैडेट कोर किसी महाविद्यालय की एक महत्वपूर्ण इकाई होती है। एन सी सी का उद्देश्य कैडेटों में अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम तथा सुरक्षा हेतु उन्हें अनुकूल माहौल तैयार करना ताकि वे भारतीय सेना में भर्ती हो सके। कैडेट्स अपने अनुशासन के लिए तो जाने ही जाते है साथ ही देश की सुरक्षा, सामाजिक कार्यो में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है। राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जिलास्तर के जो भी कार्यक्रम दिए जाते है उसे मन लगाकर करते है। यूवाओं में राष्ट्र प्रेम के प्रति प्रेम जगाना ही एन सी सी का महत्वपूर्ण अंग है। इनके द्वारा किये गए कार्यो का संक्षिप्त विवरण निम्न है –

| | | |
|---|---|---|
| प्रौढ़ शिक्षा | वृक्षारोपण | रक्तदान |
| दहेज़ उन्मूलन | कन्या भ्रूण हत्या | कुष्ठ निवारण |
| आपदा राहत | एड्स जागरूकता रैली | स्वक्षता अभियान |

| | |
|---|---|
|  |  |
| सड़क सुरक्षा पर गोष्ठी | सड़क सुरक्षा पर रैली |
|  |   |
| सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरस्कृत कैडेट्स | जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुरस्कृत कैडेट्स |
|  |   |
| गणतन्त्र दिवस परेड पर मार्च पास्ट करते कैडेट्स | स्मारकों की सफाई |

| | |
|---|---|
|   |  |
| फिट इंडिया रन 2.0 | गंगा स्वक्षता रैली |
|   |  |
| मिशन शक्ति | मतदाता जागरूकता अभियान 2022 |

**3. रोवर्स रेंजेर्स** – रोवर्स/रंजेर्स के स्वयंसेवक व सेविकाओं द्वारा विभिन सामाजिक कार्य किये जाते है। छात्र/छात्राओ को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ आपदा प्रबंधन के गुण शिखाये जाते है ताकि समय आने पर द्वितीय वालंटियर की भूमिका निभाते हुए अपना योगदान देते है। हर वर्ष विश्वविद्यालय/महविद्यालय में समागम होता है जिसमे हर महाविद्यालय की टोली आती है तथा स्वस्थ परम्परा का निर्वहन करते हुए विभिन प्रकार की स्पर्धाओं में प्रतिभाग करते है। यह एक टीम भावना को दर्शाता है जो किसी भी चुनौती को सही निर्णय लेते हुए सफलता दिलाता है। इस वर्ष आयोजन का श्रेय श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महविद्यालय बलिया को मिला। जिले का बड़ा और प्रतिष्ठित महाविद्यालय होने के नाते इसने इस समागन हो सहजता और निष्ठा से संपन्न कराया तथा विजेता टीम को पुरस्कृत्य भी किया। इसका श्रेय जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया की कुलपति महोदया प्रो0 कल्पलता पाण्डेय जी को भी जाता है जिनके कुशल निर्देशन में यह कार्य संपन्न हो रहा है। इसके साथ इस टीम के लीडर/प्रभारी का भी महत्वपूर्ण योगदान है जिनके सही मार्गदर्शन से बच्चे लाभ्वान्वित होते है। सही प्रशिक्षण साथ ही सही तरीके से ड्रेस पहनना, अभिवादन करना तथा आपने व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होते है।

| | |
|---|---|
|  |  |
| समागम में पुरस्कृत छात्रा | समागम में पुरस्कृत सभी महविद्यालयों की छात्र/छात्राएं |

जिन महाविद्यालयों में NSS/NCC/Rovers/Rangers नहीं है, संकुल के उस महाविद्यालयों ने भी अपने छात्रों को हर सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया तथा समय समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया।

**गुलाब देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय** –

गुलाब देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या की देख रेख में छात्राए भी विभिन्न प्रकार के स्पर्द्धावों में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही है। सही माने में महिला सशक्तिकरण का एक बेहतरीन उद्धरण है। मिशन शक्ति विभिन महाविद्यालयों में आयोजित किये जा रहे है और इसका लाभ महिलाओं के साथ साथ समाज के ने लोगों को भी प्रेरित करा रहा है। इसका श्रेय वहा की प्राचार्या एवं शिक्षिकाओं को जाता है। विभिन्न प्रकार के कार्यशाला, राष्ट्रिय अपरेंटिस मेला, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा अभियान, पौधारोपण, रोजगार मेला, क्विज प्रतियोगिता, अमृत महोत्सव, खाद्य सुरक्षा आदि पर अनेको कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्राओ को शिक्षा के साथ भविष्य के लिए उचित मार्ग भी प्रदस्थ कर रहा है।

| | |
|---|---|
|  | |
| साइबर क्राइम पर गोष्ठी | |

**संत जेविएर महाविद्यालय -**

संत जेविएर महाविद्यालय ने भी नाम के अनुरूप नियमित विभिन्न कार्यक्रम करा रहा है। शिक्षा के साथ साथ छात्रों में विभिन्न कार्यक्रमों में रूचि लेकर भाग लेने को प्रेरित भी करता है। कारगिल दिवस से लेकर विभिन्न प्रकार के साक्षरता दिवस, महान विभूतियों की जयंती से लेकर पूण्यतिथि तक का आयोजन करता आ रहा है।

**गौरी भैया महाविद्यालय** –

गौरी भैया महाविद्यालय नित्य अपने शैक्षणिक कार्यों के अलावा खेल कूद प्रतियोगिता प्रतिवर्ष गौरी भैया स्टेडियम में करता आ रहा है। साथ की कोरोना महामारी, एड्स , कैन्सर आदि लाइलाज बिमारियों से बचाव हेतु छात्रों द्वारा पोस्टर बैनर के साथ जागरूकता रैली निकली जाती है। इसके साथ ही महाविद्यालय दारा कार्त्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के दिन गंगा तट सागर पाली पर लोगो को डूबने से बचाव हेतु जागरूक करता है और साफ सफाई का अभियान चलाया जाता है। महाविद्यालय के सामीप काशीदाश बाबा के पावन स्थान की साफ सफाई की जाती है तथा प्रत्येक शनिवार को छात्र/छात्राओं का वाद विवाद प्रतियोगिता कराई जाती है।

**रामधारी सिंह महाविद्यालय,गड़वार** –

रामधारी सिंह महाविद्यालय,गड़वार ने भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता है। शैक्षणिक माहौल के साथ बच्चो में देश सेवा के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से एन सी सी की एक कम्पनी भी हो जो कैडेट्स में प्रारभिंक मिलिट्री शिक्षा के साथ शारीरिक शिक्षा भी दी जाती है। विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम भी समय समय पर आयोजित हो रहे है।

| | |
|---|---|
|  |  |
| एन सी सी कैंप का अयोजन | स्मार्ट फ़ोन वितरण |

**गाँधी महाविद्यालय, बेरुआरबारी –**

गाँधी महाविद्यालय ने भी विविध प्रकार के कार्यक्रम कराकर छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन किया है। अपने विभिन्न इकाईयों द्वारा सामाजिक जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के वाद बिवाद प्रतियोगिता, अन्तरीय महाविद्यालय प्रतियोगिता, विश्वविद्यालय' द्वारा आयोजित सामाजिक , बौधिक विकास जैसे अनेक कार्यक्रमों में महाविद्यालय के विद्यार्थि भाग लेकर महविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। जागरूकता अभियन, साफ सफाई तथा एनेकों कार्यक्रमों यहाँ के बच्चे भाग ले रहे है।

**महाविद्यालय बांसडीह, बांसडीह –**

अन्य महाविद्यालयों की भाती यहाँ के विद्यार्थि विभन्न कार्यक्रम में सहभाग कर रहे है। नुक्कड़ नाटक, मिशन शक्ति, मतदान जागरूकता, स्वक्ष भारत अभियान, वीर शहीदों तथा अन्य राष्ट्रिय पर्व को संचालित किया जा रहा है ताकि समाज को जागरूक कर सकें।